Hindi

आपकी ‘जाने के लिए तैयार रहें’ (Get Ready to Go) किट

छोड़ कर जाते समय के लिए किट कैसे तैयार करें

हॉक्सबरी-नेपियन वैली में बाढ़ों की गहराई व ख़तरों के कारण, जब छोड़ कर जाने का आदेश जारी किया जाता है तो आपके पास छोड़ कर जाने के लिए केवल कुछ ही घंटे हो सकते हैं।

आपको किट की आवश्यकता क्यों है

- हॉक्सबरी-नेपियन वैली में बड़ी बाढ़ लोगों के घरों को क्षतिग्रस्त कर देगी। इसके कारण पानी, बिजली, गैस, सड़कों और रेल-लाइनों जैसी आवश्यक सेवाओं में भी बहुत अधिक रुकावटें आएँगी।
- जब तक आपको पता चलेगा कि बाढ़ से आपकी संपत्ति प्रभावित होने वाली है, तो हो सकता है कि छोड़ कर जाने से पहले आपके पास बहुत कम समय हो। बाढ़ों (या किसी अन्य प्राकृतिक आपदा) के लिए तैयार होने के लिए सबसे प्रमुख क़दम है कि जाने के लिए तैयार रहने के लिए एक किट (Get Ready to Go kit) तैयार करना।
- किट में वह सामान होना चाहिए जिसकी आपको छोड़ कर जाने के दौरान या उसके तुरंत बाद आवश्यकता होगी, चाहे आप परिवार और मित्रों के पास जा रहे हों या किसी निकासी केंद्र (evacuation centre) में जा रहे हों।

अब क्या करें

- अपने महत्वपूर्ण रिकार्डों व दस्तावेज़ों (बीमे के दस्तावेज़ व पहचान पत्र/कार्ड, पासपोर्ट आदि) को चाहे स्कै न करें या उनके फ़ोटो लें या उन्हें ‘क्ला उड’ पर अपलोड कर दें।
- मुख्य संपर्कों की जानकारी अपने मोबाइल में रखें (जैसे कि डॉक्टर, बिजली और पानी आदि जैसी उपयोगी सुविधाएँ)
- दवाओं के पर्चों के फ़ोटो लें या उन्हें स्कैन कर लें
- अपने घर और घर के सामान की बीमा पॉलिसी-कवर की जाँच करें

आप अपने किट में पहले से ही क्या रख सकते हैं

- पोर्टेबल रेडियो व अतिरिक्त बैटरियाँ
- टॉर्च व अतिरिक्त बैटरियाँ
- फ़र्स्ट एड किट (उसमें अपने घर के लोगों के लिए आवश्यक वस्तुएँ रखें)
- मोमबत्तियाँ व वाटरप्रूफ़ माचिसें
- व्यक्तिगत स्वच्छता के लिए सामान
- बहुमूल्य सामान जैसे कि महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के लिए वाटरप्रूफ़ बैग (जैसे कि पासपोर्ट या बीमे संबंधी) और बहुमूल्य सामान (जैसे कि फ़ोटो, गहने आदि)

छोड़ कर जाते समय अपने Get Ready to Go kit में और क्या रखें

- कुछ खिलौने या परिवार में खेले जाने वाले खेल
- आवश्यक दवाएँ काफ़ी मात्रा में
- शिशुओं, विकलांग व्यक्ति, दुर्बल और/या बुजुर्ग व्यक्ति की विशेष ज़रूरतों व उनकी आवश्यकता की चीज़ों की पर्याप्त मात्रा
- ताज़ा भोजन और पीने का पानी
- घर के सभी सदस्यों के लिए कई बार बदलने के लिए उपयुक्त कपड़े और जूते आदि
- मोबाइल फ़ोन और चार्ज़र

www.ses.nsw.gov.au/hawkesbury-nepean-floods
पर और अधिक जानकारी प्राप्त करें

SES
NSW STATE EMERGENCY SERVICE

पालतू जानवरों और पशुओं के लिए आपको एक अलग किट की आवश्यकता होगी:

पशुओं को नियंत्रण में रखने के लिए वस्तु व परिवहन, भोजन, पानी, मल-मूत्र त्याग की व्यवस्था, दवाएँ, फ़र्स्ट एड, रहने और सोने की व्यवस्था के बारे में विचार करें:

- प्रत्येक पालतू पशु को ले जाने के लिए पिंजरे या अन्य साधन; या
- प्रत्येक पशु के लिए मुँह पर बाँधने की जाली व चलाने के लिए रस्सी; या रस्सी और सिर का कॉलर
- प्रत्येक पशु के लिए 3-7 से सात दिनों के लिए भोजन व पानी
- कटोरा या चारा खिलाने के लिए बाल्टी: कैन ओपनर और चम्मच
- ऊनी कंबल, तौलिए या बिस्तर
- पशुओं के लिए दवाएँ और फ़र्स्ट एड का सामान
- अपने पालतू पशु के टीकाकरण के प्रमाणपत्र का फ़ोटो ले लें
- बिल्लियों के लिए लिटर व लिटर ट्रे
- कुत्तों के लिए पू बैग
- पालतू जानवरों के लिए खिलौने

अपने किट के सामान की आपूर्ति बनाए रखना व उसको संभाल कर रखना

अपने किट को वाटरप्रूफ़ डब्बे में स्टोर करें और उसे ऐसी सुरक्षित जगह पर रखें, जहाँ से उसे आसानी से लिया जा सके।

अपने Get Ready to Go kit को नियमित रूप से जाँचते रहें (बैटरियों व दवाओं की उपयोग करने की अंतिम तिथि की जाँच करना याद रखें) और यदि आवश्यकता हो तो किट में नया सामान रखें (restock)।

साथ ही, आपातकाल में संपर्क करने के नम्बरों की एक सूची अपने फ़ोन के पास रखें या अपने फ्रिज पर लगा दें।